# HINDI

(Second Language)

*Time : 2.45 Hours* | | *Marks : 80*

***Instructions :** 1) Read the following question paper and understand every question thoroughly without writing anything. 15 minutes time is alloted for this. 2) Answer all the questions as directed. 3) All the questions are to be written in the seperate answer booklet.*

**I. निम्न लिखित गधांश पढकर दिये गये प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। 5x1=5**

परिणाम निकलने के पहले दिन राजू लोट आया और अगले दिन पूरे आत्मविखास से अपने पिता के साथ परीक्षा फल देखने गया । एक बार फिर वह कक्षा में प्रथम आया था। उसके पिताजी खुश थे लेकिन राजू के हर्ष की तो सीमा ही नहीं थी । प्रथम अपने पर वह इलना प्रसन्न कभी नहीं हुआ था क्योंकि अब उसने अपने स्कूल को सुंदर और समुचित उपहार समर्पित किया है?

**प्रश्न :**

**1. राजू इसके साथ परीक्षा फल देखने गया.... ( )**

A) भाई B) पिता C) माता D) बहन

**2. कक्षा मे प्रथम यह आया था.... ( )**

A) रमेश B) राजू C) राम D) रकेश

**3. सीमा ही नहीं थी - इसका अर्थ है.... ( )**

A) बहुत आनन्दित होना B) दुखित होना C) विषाद ग्रस्त होना D) दर्द से रह जाना

**4. राजू ने इसको सुंदर और समुचित उपहार समर्पित किया.. ( )**

A) पिता को B) स्कूल को C) माता को D) भाई को

**5. उचित शब्द का विलोम यह है. ( )**

A) अनुचित B) उचित C) सुंदर D) कुरूप

**II. निम्न लिखित गधांश पढकर दिये गये प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। 5x1=5**

आपका जूवन एक संग्राम स्थल है, जिसमें आपको विजयी बनना है। महान जीवन के साथ के पहिए फूलों से भरे नंदन वन से नहीं गुजरते कंठको से भरे बीहड पथ पर चलते हैं। आपको ऐसे ही महान जीवन पथ का सारथी वनकर अपनी यात्रा को पूरा करना है। जव तक आपके पास आत्मविखास का शस्त्र नहीं है. नतो आप जीवन की ललकी का सामना कर सकते है। न जीवन संग्राम में विजय प्राप्त कर सके है. वन महान जीवन के सोपानों पर चढ सकते है। जीवन पथ पर आप आगे बढ रहे है। दुःख और निराशा की काली घटाएँ आपके मार्ग पर घा रही है । आपतिपों का अंधकार मुँह फैलाए आपकी प्रगति को निगलने के लिए बढा चला आ रहा है। यदि आपके हृदय में आत्मविखास की दृढ ज्योति जममगा रही है तो इस दुःख व निराशा का कुहरा उसी प्रकार छट जाएगा. जिस प्रकार सूर्य की किलणों के फूटते ही अंधकार भाग जाता है।

**प्रश्न :**

**6. महान जीवन के रथ के पहिए चलते है....... ( )**

A) फूलो से भरे पथ से B) कष्टों से भरे जमली रास्ते से

C) ऊबड खाबड मार्ग से D) सुख देने वाले प्राकृतिक मार्ग से

**7. हम जीवन के कषटों का सामना कर सकते है. ( )**

A) युध्द से B) आभिक शक्ति से C) आत्मविश्व से D) साहस से



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**8. निराशा की काली धटाएँ किस प्रकार समाप्त हो सकती है।** ( )

A) अपूर्व शक्ति से B) आत्मिक शक्ति से

C) द्रूढ आत्मिक विश्वास से D) निरन्तर गतिशील रहने से

**9. संग्राम और सौपान शब्दों के अर्थ यह है...** ( )

A) युध्द और निराशा B) सीढी और लडाई C) लडाई और आशा D) युध्द और साहस

**10. गध्यांश का उपयुक्त शीर्षक है.....** ( )

A) आत्मिक B) संग्राम C) जीवन पथ D) आत्म विखास

**III. नीचे दिये गये पध्यांश को पढकर दिये गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर कोष्ठक में लिखिए। 5x1=5**

एक मनुज संचित करता है.
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दुसरा
भाग्यवाद के छल से।

**11. ‘‘संचित करना’’ शब्द का अर्थ है.** ( )

A) खर्च करना B) गँवाना C) इकट्टा करना D) ईजाद करना

**12. ‘‘अर्थ’’ का पर्याय शब्द है.** ( )

A) आय B) आम C) आशय D) धन

**13. ‘‘भोगना’’ का विलोम शब्द है..** ( )

A) त्यागना B) सजाना C) कमाना D) भिगोता

**14. भाग्यवाद रूपी........से दुसरा उसे भोगता है.** ( )

A) चल B) जल C) छल D) खल

**15. ................पाप के बल से संचित करनेवाला है।** ( )

A) यश B) ओहदा C) आयुश D) अर्थ

**IV निम्न लिखित पध्यांश को पढकर दिये गए प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। 5x1=5**

भाग्यवाद आवरण पापका
और शस्त्र शोषण का
जिससे रखता दना एक जन
भाग दूसरे जन का
पूछो किसी भाग्यवादी से
यदि विधि-अंक प्रबल है
पद पर क्यों देती न स्वयं
वसुधा निज रतन उगल है?

**16. विधि-अंक का अर्थ है..** ( )

A) विधाता का आदेश B) भाग्य की रेखा C) गानून की घारा D) रीति-रिवाज

**17. भाग्यवाद को पाप का आवरण का गया क्योंकि...** ( )

A) इसी के सहारे पर लोग विखास धात करते है।

B) उसी के आधार पर लोग सफलता कर सकते है।

C) इसी का सहारा लेकर लोग हाथ पर हाथ रखे बैठे रहते है।

D) उसी के बल पर धनी लोग शोषितो को शोषण करते है।

www.sakshieducation.com

18. **“भाग्यवाद आवरण पाप का और श्रम शोषण का-काव्यांश की रेखांकित पंक्ति में अलंकार है...** ( )

A) यमक B) रलेष C) अनुप्रास D) उपमा

19. **वसुधा-का अर्थ यह है....** ( )

A) नभ B) घर C) पृरवी D) जल

20. **कविता का संदेश यह है.** ( )

A) संसार में भाग्य ही प्रबल है. B) भाग्यवादी संसार में सफल होता है.

C) भुजवल ही मनुष्ट का भाग्य है। D) भाग्यवाद एक भ्रम है।

**V निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीब-चार पक्तियों मे लिखिए.** **4x4=16**

21. अब्दुल कलाम जी का जीवन हमे किस तरह प्रेरित करता है?
22. जल की समस्या को दूर करने केलिए कुछ सुझाव दीजिए?
23. हमारे जीवन में जल का क्या महत्व है? अपने शब्दों में सोच कर लिखिए?
24. लेखक की जगह तुम होते, तो गोगावरी नदी का वर्णन लिखिए.

**VI निम्न लिखित प्रश्नों से किन्ही दो के उत्तर दस पंक्तियों में लिखिए ।** **2x8=16**

25. लोकगीतों मे मुख्यत्मः ग्रामीण जनता की भाननाएँ है। अपने शब्दों मे लिखिए?

(अथवा)

26. हिन्दी भाषा का अपने जीवन में क्या मबत्व है?
27. वीरांगना लक्ष्मीबाई में साहस वीरता, आत्मा विश्वास और आत्मविर्भरता भरी हुई है? इसके बारे मे अपने शब्दों में लिखिए.

(अथवा)

28. हमारे जीवन के विकास में भक्ति भावना का क्या महत है?

**VII निम्न लिखित मे से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **1x8=8**

29. पर्यावरण और प्रदूषण के बारे एक निबंध लिखिए।
30. अपने द्वारा की गई किसी यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।
31. “बढती जनसंख्या : एक भीषण समस्या” पर एक निबंध लिखिए।

**VIII निम्न लिखित प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए ।** **20x1=20**

32. बादल बरसते है। वाक्य में संज्ञा शब्द चुनिए ( )

A) बादल B) बरसते C) है D) कोई नहीं

33. मीठा शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है.... ( )

A) मिठास B) मीठाई C) मिठापन D) मिठाता

34. सदुभाव में उपसर्ग है.... ( )

A) सद् B) सत C) सद्म D) भाव

35. यह तत्पुरूष समास का उदाहरण है. ( )

A) माता-पिता B) रात-दिन C) सुख-दुख D) जीवन-ज्योति

36. देहात शब्द का पर्यावची शब्द है... ( )

A) नगर B) शहर C) देश D) गाँव

37. इनमें से पुनरूक्ति शब्द का सही उदाहरण है... ( )

A) रात-दिन B) सुख-दुख C) जन-जन D) पाप-पुण्य

38. एकता का सही विलोम होगा.... www.sakshieducation.com ( )

A) मित्रता B) मनुष्यता C) भिनता D) क्रूरत

39. पवित्र शब्द का संधि - विच्छेद रूप यह होगा.. ( )

A) पू + इत्र B) प+वित्र C) पा+इत्र D) पवि+त्र

40. सही वर्तनीवाला शब्द पहचानो. ( )

A) भख्ति B) भक्ति C) भकती D) भकती

41. 'शंखा' का बहुवचन रूप होगा. ( )

A) शंकाएँ B) शंके C) शंकों D) शंखाओं

42. इनमें से विदेराज शब्द चुनिए ( )

A) जल B) दूध C) लाँन D) गाँव

43. अर्थ के अनुसार बोमेल शब्द पहचानिए ( )

A) जग B) संसार C) विश्व D) मग

44. यहाँ का जल शुध्द होगा। (अर्थ के अनुसार वाक्य पहचानिए) ( )

A) विस्मयादि बोधक B) संदेहार्थक C) संकेतार्थक D) विधानार्थक

45. कुछ बालकों ने उनका साक्षात्कार लिया था (वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानो) ( )

A) कुछ B) बालकों C) उनका D) लिया

46. राजू पढता है. (इसका भविष्यत काल रूप होगा) ( )

A) राजू पढा। B) राजू पढेगा C) राजू पढ रहा है। D) राजू पढने वाला है।

47. 'ता' प्रत्यय का उदाहरण है..... ( )

A) भारतीय B) मोती C) सामाजिक D) मधुरता

48. "जिसके समान दूसरा न हो ।" शब्द समूह का एक शब्द होगा.... ( )

A) उनुपम B) अमूल्य C) अनमोल D) अद्‌वितीय

49. रतन का तत्सम होगा.... ( )

A) रताना B) रातन C) रत्न D) राताना

50. मेहनत ही सफलता................कुँजी है। ( )

A) का B) के C) की D) को

51. भेंट हो जाना मुहावरा का अर्थ है...... ( )

A) कांतिहीन होना B) अपिर्त होना C) कांतिहीता होना D) समाप्त होना

www.sakshieducation.com